सऊदी अरब किंगडम के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री
महामहिम मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद
के सम्मान में आयोजित भोज में
भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन, सितम्बर 11, 2023

भारत के लोगों, सरकार, और अपनी ओर से, मैं महामहिम और आपके प्रतिनिधिमंडल का राष्ट्रपति भवन में हार्दिक स्वागत करती हूं।

महामहिम, भारत और सऊदी अरब के ऐतिहासिक संबंधों की नींव है - हमारा आपसी विश्वास, और हमारे लोगों के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संपर्क।

यह गहरा रिश्ता केवल कुछ वर्ष पुराना नहीं, बल्कि सदियों से चला आ रहा है। भारत की कहानियाँ और दंतकथाएँ अरब तटों तक पहुँचीं, और वहाँ से इतिहास की धाराओं ने उन्हें विश्व में फैलाया। कला और विज्ञान के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ अरब जगत की देन हैं। सदियों से चले आ रहे व्यापार एवं वाणिज्यिक संबंधों ने हमें और करीब ला दिया है।

महामहिम, हमें 2019 की आपकी भारत यात्रा अच्छी तरह से याद है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने 2016 और 2019 में सऊदी अरब का दौरा किया। इन यात्राओं ने दोनों देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुझे यकीन है कि प्रधानमंत्री जी के साथ आज आपकी Strategic Partnership Council की बातचीत, और G20 शिखर सम्मेलन में आपकी मूल्यवान भागीदारी ने, हमारे दोनों देशों के बीच बहुमुखी साझेदारी को और मजबूत किया है।

आज आपके साथ चर्चा के दौरान, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, सांस्कृतिक और लोगों के संबंधों सहित, सभी क्षेत्रों में हमारी bilateral partnership में काफी विस्तार हुआ है।

महामहिम, सऊदी अरब ने बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों को अपनाया है, और उन्हें फलने-फूलने का मौका दिया है। अपनी कड़ी मेहनत और professionalism के माध्यम से, उन्होंने सऊदी किंगडम के विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हम उनकी देखभाल के लिए आपको धन्यवाद देते हैं, और उनके कल्याण के लिए आपके निरंतर समर्थन के प्रति आश्वस्त हैं।

महामहिम, आधुनिक दुनिया में, हमारे साझा सांस्कृतिक अनुभव, आर्थिक तालमेल, और एक शांतिपूर्ण और sustainable दुनिया के प्रति प्रतिबद्धता, हमें natural partners बनाती है। शांति और स्थिरता के लिए एक सकारात्मक शक्ति के रूप में सऊदी अरब की भूमिका की हम सराहना करते हैं।

भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' में विश्वास करता रहा है, जिसका अर्थ है, पूरा विश्व एक परिवार है। हमारे दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंध, और आज यहां हमारे साथ आपकी गरिमामयी उपस्थिति, सदियों पुराने इस सिद्धांत की अभिव्यक्ति है।

मुझे बताया गया है कि आप इस रात्रिभोज के तुरंत बाद अपने घर के लिए प्रस्थान करेंगे। मुझे आशा है कि आप अपनी भारत यात्रा की सुखद यादें अपने साथ ले जायेंगे।

इसके साथ, महामहिम, देवियो और सज्जनो, आइए हम सब मिलकर :
- महामहिम के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण,

- सऊदी अरब के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि,
- और भारत और सऊदी अरब के बीच दोस्ती को हमेशा बनाये रखने के लिए,

अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करें।

शुक्रान! धन्यवाद।